# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2016–17

क्र. 1863, दिनांक 17 दिसम्बर, 2002

G: GVS/New profile \Annual report 2015-16/NEW PROFILE/prativedan 15-16 gvs

# ग्रामीण विकास समिति,

प्रषा. कार्यालय – कालेज वार्ड–54 गोल चौक, रोहिनीपुरम, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)
Mob no.9009205000, 8966007340
E-mail:- graminvs@yahoo.co.in,www.graminvikassamiti.org.in

## –: वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016–17 :–

### 01 एकीकृत जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम IWMP :–

संस्था द्वारा IWMP परियोजना अंतर्गत महानदी अंगीरा ऋषि परियोजना नगरी IWMP-5 का संचालन वर्ष 2010–11 से लगातार सफलतापूर्वक किया जा रहा हैं। परियोजना अंतर्गत कुल 10 ग्राम पंचायत सम्मिलित है वर्ष 2016–17 में सम्मिलित ग्रामों में अभिसरण अंतर्गत कुल 21 कार्य कराये गये है जिनकी लागत 99.29 लाख रुपये हैं।





**IWMP परियोजना अंतर्गत निर्माण किये गये कार्यो का विवरण निम्नानुसार हैं :–**

| क्र. | कार्य का नाम | संख्या | स्वीकृत लागत (लाख में) | | | कार्य की स्थिति | सिंचित रकबा | लाभान्वित | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | IWMP | MGNREGA | योग | | | | |
| 1 | चेडडेम निर्माण | 14 | 46.86 | 24.78 | 71.64 | पूर्ण | 390हेक्टे. | 128 | |
| 2 | स्लूज गेट निर्माण | 03 | 10.80 | 3.66 | 14.46 | पूर्ण | 110 हेक्टे. | 42 | |
| 3 | इनलेट निर्माण | 01 | 1.20 | 1.19 | 2.39 | पूर्ण | – | | |
| 4 | लूज बोल्डर चेक | 03 | 8.37 | 2.43 | 10.80 | पूर्ण | – | | |
| योग | | **21** | **67.23** | **32.06** | **99.29** | | 500 हे. | **170** | |

### 02 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना PMKSY (Other Intervention) :–

संस्था द्वारा संचालित परियोजना अंतर्गत वर्ष 2016–17 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना PMKSY (Other Intervention) के तहत 05 कार्यो कि स्वीकृति प्राप्त

हुई। जिसकी लागत 50.79 लाख है स्वीकृत कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कर लिया गया हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | कार्य का नाम | संख्या | स्वीकृत लागत (लाख में) | | | कार्य की स्थिति | सिंचित रकबा | लाभान्वित | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | IWMP | MGNREGA | योग | | | | |
| 1 | चेडडेम निर्माण | 05 | 50.79 | 0.00 | 50.79 | पूर्ण | 380 हेक्ट. | 49 | |
| | योग | 05 | 50.79 | 0.00 | 50.79 | | 380 हेक्ट. | 49 | |





## 03 बेटी बचाओ बेटी पढाओं कार्यक्रम :-

दिनांक 24/01/2017 को महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा द्वारा बेची बचाओ बेटी पढ़ाओ हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था द्वारा अपना योगदान प्रदान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में बालिकाओं की उपस्थिति दर्ज करायी एवं मोटर साइकिल रैली में भागीदारी सुनिश्चित कराया गया। शासन द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम और उसके उद्देश्यों को जनसमुदाय तक पहुंचाने के लिए संस्था के सदस्यों ने दृढ़ संकल्प लिया।



## 04 स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम का अनुपालन करते हुए विकासखण्ड नगरी, जिला – धमतरी के ग्राम पंचायत पाईकभाठा व घटुला में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रचार–प्रसार व रैली के माध्यम से अवगत कराया तथा स्वच्छता का महत्व समझाया। संस्था के सदस्यों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सेमरा के शीतला तालाब व ग्राम घटुला के साप्ताहिक बाजार स्थल की साफ–सफाई रखने हेतु अपील किया गया। संस्था द्वारा ग्रामवासियों को खुले में शौच न करने हेतु अपील किया गया। अंत में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।







## 05 पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संस्था द्वारा संचालित जलग्रहण परियोजना वि.ख. – नगरी में सम्मित ग्रामों सेमरा, भीतरसरास, पाईकभाठा, सिहावा, लटियारा व गढ़डोगरी माल में किया गया। जिसमें संस्था द्वारा जलग्रहण समितियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से प्रचार–प्रसार के माध्यम से पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने हेतु आमजन से अपील किया गया। परियोजना के परियोजना अधिकारी श्री पवन यादव द्वारा पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया एवं वृक्षो की कटाई न करने हेतु तथा वृक्षारोपण अधिक से अधिक करने हेतु अपील किया गया। अंत में पौध वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।





## 06 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन :–

संस्था द्वारा संचालित जलग्रहण परियोजना क्षेत्र में महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड नगरी, जिला – धमतरी के ग्राम पाइकभाटा में किया गया। जिसमें परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम सेमरा, घटुला, बोकराबेड़ा, सिहावा, पावंद्वार, लटियारा के सदस्य महिला स्व सहायता समुह के सदस्य एवं ग्राम वासियों के उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महिलाओं को शासन द्वारा संचालित कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा गया साथ ही नेतृत्व की क्षमता वृद्धि करने पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं को समुह में व्यवसाय करने हेतु कहा गया। जिससे उनका आर्थिक व सामाजिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक कुरूतियों जैसे अधंविश्वास,टोनही, प्रताड़ना व नशाखोरी के खिलाफ एकजुट होकर दूर करने हेतु संकल्प लेने हेतु अपील किया गया। कार्यक्रम के अंत में नारी पढ़ेगी विकास गढ़ेगी के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।





## 07 बाल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन :–

बाल संरक्षण अंतर्गत संस्था द्वारा नगरी जिला – धमतरी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल अधिकार कानून के तहत बच्चो को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं पर प्रकाश डाला गया। संस्था द्वारा बाल मजदूरी पर प्रतिबंध लगाने हेतु अपील की गई साथ ही बच्चो को अच्छी शिक्षा प्रदाय किये जाने हेतु आमजन से अपील किया गया। जिससे देश का भविष्य उज्जवल हो सके।

